तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 कबीर मठ तरेकेला का संपूर्ण प्रभार अब महंत...



14 मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजनाः श्रीरामलला...




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एर्जेसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने

इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025



फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। युवक के साथ मारपीट के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बागबाहरा का अर्जुन बन गोस्वामी 5 अक्टूबर की रात लगभग 8/30 बजे अपने दोस्तों के साथ नाला किनारे लालपुर बागबाहरा में बैठकर मोबाइल देख रहा था, तभी पुरानी रंजिश को लेकर चमन साहू अपने दोस्तों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं किसी धारदार वस्तु से मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। कोतवाली पुलिस ने भलेसर रोड नहर पार आम पेड़ के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी आकाश मारकंडे के कब्जे से कुल 06 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए एवं शराब बिक्री रकम 100 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### मां-बेटी के साथ अभद्रता, संपत्ति हथियाने की धमकी

**महासमुंद**। आंगन की सफाई कर रहीं मां-बेटी के साथ अभद्रता के मामले में बसना थाने में आरोपी दंपत्ति के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सेवानिवृत्त शिक्षक जेशूचंद्र सिंह निवासी ग्राम जगदीशपुर ने बताया कि 25.07.2025 को वह अपने घर में था और उसकी पत्नी मधुलिका सिंह और बेटी निम्सी सिंह घर के सामने वाले आंगन में साफ-सफाई कर रहे। करीब शाम 07 बजे प्रार्थी के पुत्र निशित सिंह की पत्नी पंकजनी सिंह के द्वारा ये मेरा हिस्से की जगह है, इसे क्यों साफ-सफाई कर रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है, इस दौरान उसके पुत्र निशिथ सिंह ने भी आरोपी महिला का साथ देते हुये गाली गलौज करते हुये चल-अचल सम्पत्ति को हथियाने की धमकी दी। प्रार्थी ने बताया कि आए दिन निशिथ सिंह और पंकजनी सिंह के द्वारा घर आंगन में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी जाती है, जिससे वे लोग परेशान रहते हैं। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# समर्पण, निष्ठा और जिले में कांग्रेसी परचम लहराने के इरादों के साथ दावेदारी आज

## जिलाध्यक्ष के दावेदारों से भेंट और चर्चा के लिए पर्यवेक्षक रीता चौधरी आज पहुंचेंगी जिला मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के

- कांग्रेस जिला अध्यक्ष चयन के लिए आज पहुंचेंगे पर्यवेक्षक

तहत जिलाध्यक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षक रीता चौधरी आज महासमुंद पहुंचेंगी। वें बुधवार को देर शाम राजधानी पहुंची। जानकारी के अनुसार वे 11 बजे कांग्रेस भवन पहुंचेंगी जहां अभियान पर संबोधन और परिचर्चा पश्चात प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारों से संवाद करेंगी। दोपहले 12 बजे कांग्रेसजनों से भेंट मुलाकात एवं चर्चा के बाद दोपहर 2 बजे से जिलाध्यक्ष के दावेदारों से से सीधी बात होगी। बता दें कि संगठनात्मक नियुक्तियों के क्रम में इस बार नया फार्मूला अपनाए जाने के से दावेदारों और उनकी गतिविधियों में सरगर्मी आ गई है। जिलाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के प्रति लगातार समर्पित होने के दावों के साथ जिले की चारों सीटों में फिर कांग्रेस का परचम लहराए जाने जैसे इरादे सामने आ रहे हैं।

### अमरजीत चावला

शुरु से संगठन में सक्रिय रहा हूं,



मुझे ऐसा लगता है कि जिले की चारों सीटों को जिताने का लक्ष्य राहुल का प्रोजक्ट है। कार्यकर्ता चुनेंगे जिलाध्यक्ष। कार्यकर्ता हूं जो जिम्मेदारी दी उसे निभाया। अब इस जिम्मेदारी पर खरा उतरना चाहूंगा। अपना जिला मजबूत और चारों सीटें कांग्रेस की झोली में।

### विनोद चंद्राकर

पूर्व संसदीय सचिव और विधायक



रहे विनोद चंद्राकर का कहना है कि जन्मजात कांग्रेसी रहे हैं। विधायकी के दौरान भी कांग्रेस और कार्यकर्ताओं को मजबूत करने का कार्य किया। टिकट काट दी गई थी। फिलहाल, कांग्रेस को बतौर मजबूत विपक्ष और सशक्त बनाते हुए खड़ा करना है। इसलिए, पार्टी मौका देगी तो संगठन को लेकर फिर से कार्य करूंगा।

### अंकित बागबाहरा

पर्यटन मंडल के सदस्य रहे



अंकित की मानें तो वर्तमान में कांग्रेस को वर्तमान में सक्रिय और समयदानी जिलाध्यक्ष की आवश्यकता है। राहुल गांधी की युवा सोच और वोट चोरी को रोकने के साथ अब इस विज़न की आवश्यकता है कि जिले की चारों सीटें एक बार फिर कांग्रेस की झोली में आए।

### द्वारिकाधीश यादव

वर्तमान खल्लारी विधायक



द्वारिकाधीश यादव ने स्पष्ट किया है कि वे जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल नहीं है। वे न ही करेंगे, न ही ऐसी कोई बात है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे नही बल्कि शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के वर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र मूंगू ठाकुर ही जिलाध्यक्ष पद के सशक्त दावेदार के तौर पर अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

### आलोक चंद्राकर

जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व



उपाध्यक्ष एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने कहा कि हमारा कार्यकाल स्वर्णिम रहा। अपने जिलाध्यक्षीय कार्यकाल में जिले को चारों सीटें जीताकर दी। 15 साल के भाजपाई कुशासन के बाद 2018 में उनके नेतृत्व में सभी सीटें भाजपा से छीनी थी।

### डॉ. रश्मि चंद्राकर

वर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि



चंद्राकर ने कहा कि जिलाध्यक्ष पद के लिए मेरी दावेदारी स्वाभाविक है। संगठन मेरे कार्यों का आंकलन करे। और संगठन के द्वारा दी गई समस्त जिम्मेदारी का निर्वहन मेरे द्वारा किया जाएगा। बीते 5 साल मेरे द्वारा कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन का संचालन किया है और सफलता भी पाई है।

### दुर्घटना : जामपाली के पास दर्दनाक सड़क हादसा


# हादसे में 3 की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

सड़क पर अचानक सामने आए

- सड़क पर बैठक मवेशियों को बचाने की कोशिश हुआ हादसा

मवेशी को बचाने के प्रयास में बुधवार सुबह 3 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग के जामपाली के पास हुए हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य गंभीर रुप से घायल बताए जा रहे हैं। चंद्रपुर से धनबाद, झारखंड जा रही स्विफ्ट कार क्रमांक जेएच 10 सीजे 1511





अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में शमां खान (32 वर्ष), जरीन खान (9 वर्ष) और आतिश खान (19 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अफरोज खान और सिबू खान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रायपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, सभी लोग चंद्रपुर में किसी कार्य से आए थे और लौटते समय यह दुखद हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पिथौरा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### एनएचएआई के साथ मवेशी पालक भी जिम्मेदार

छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के जिला सदस्य राजेश चौधरी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर आए दिन गौवंशों के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। एनएचएआई की जिम्मेदारी है कि वे सड़कों को साफ और सुरक्षित रखें, लेकिन रात के समय हाईवे से गौवंशों को हटाने के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं रहता, जिससे ऐसे हादसे हो रहे हैं। चौधरी ने कहा कि इन दुर्घटनाओं के लिए एनएचएआई के साथ-साथ मवेशी पालक भी जिम्मेदार हैं। मवेशी पालकों को अपने गौवंशों को सड़क पर खुले में छोड़ने के बजाय घर या गौशाला में रखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कई पशुपालक अपने गौवंशों का बीमा तो कराते हैं, लेकिन उनकी देखभाल नहीं करते।

# प्राथमिक शाला भावा में नई अध्यापन व्यवस्था, अब स्कूल सुचारू रूप से संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राथमिक शाला भावा में शिक्षक की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा स्कूल में तालाबंदी की सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इसे संज्ञान में लेते हुए तत्काल शासकीय प्राथमिक शाला भावा में शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के





लिए नई अध्यापन व्यवस्था के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।

जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने बताया कि पूर्व में प्राथमिक शाला भावा में शिक्षिका ज्योति किरण साहू की व्यवस्था की गई थी, किंतु अब उनके स्थान पर शिक्षक योगेंद्र डहरिया की नई व्यवस्था की गई है। नवीन शिक्षक की पदस्थापना के साथ विद्यालय में अब शिक्षण कार्य प्रारंभ हो गया है तथा स्कूल विधिवत संचालित हो रहा है।

### जुआ खेल रहे आठ लोगों पर कार्रवाई, नगदी रकम जब्त

**महासमुंद**। ग्राम सोनासिल्ली से पाडेपाली के मार्ग में गोठान के पास जुआ खेल रहे आरोपियों के खिलाफ पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलनेके बाद मौके पर पहुंचकर जुआ खेल रहे आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सुरेश भोई पिता देबोराम भोई (38 साल) दुरूगपाली, सुनील टंडन पिता खिलावन टंडन (31 साल) साकिन सोनासिल्ली, धर्मेंद्र ठाकुर पिता रामलाल ठाकुर (31 साल) घोघरा थाना तेंदूकोना, यशवंत साहू पिता गिरधारी साहू (27 साल) घोघरा थाना तेंदूकोना, दामेंद्र कुमार पिता गौरसिंग ठाकुर (27 साल) घोघरा थाना तेंदूकोना जिला महासमुंद, शिवकुमार मार्कंडे पिता संतुराम मार्कंडे (34 साल) सोनासिल्ली थाना पिथौरा, बलवंत ध्रुव पिता मन्नूलाल ध्रुव (26 साल) सोनासिल्ली, शंकर बंजारे पिता भोजराम बंजारे (33 साल) सोनासिल्ली थाना पिथौरा बताए। इनके कब्जे से नगदी रकम 10020 रुपए जब्त किया गया। मामले में आरोपियों खिलाफ धारा 3(1) छ.ग. जुआ प्रति. अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

### चीफ जस्टिस के साथ हुई घटना की सीबीआई जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सर्व अनुसूचित जाति समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में देश के लोकतंत्र संप्रभुता न्यायपालिका की गरिमा बचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग करते हुए बताया गया है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय के अंदर चीफ जस्टिस बीआर गवई के ऊपर सुप्रीम कोर्ट के ही वकील राकेश किशोर ने जूता फेंक कर न्यायपालिका को हिंसात्मक चुनौती दी है, क्योंकि, हमले के बाद एक धर्म विशेष के अपमान नहीं सहने का नारा लगाते हुए चीफ जस्टिस द्वारा दी गई पुराने एक फैसले का हवाला दिया।

ज्ञापन में कहा गया है कि जिस तरह से कुछ लोगों द्वारा हिंसात्मक बयानबाजी देकर देश में अराजक फैलाने की माहौल बना रहे, ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए प्रत्येक राज्य सरकारों को निर्देशित करने की जरूरत है। क्योंकि, जिस देश के चीफ जस्टिस के साथ इस तरह से हिंसात्मक घटना को अंजाम दिया जा सकता है तो आम आदमी के साथ क्या नहीं कर सकते हैं। इसी प्रकार मध्यप्रदेश बार काउंसिल के वकील अनिल मिश्रा द्वारा बार-बार संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के बारे में कथित अभद्र टिप्पणी की जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सर्व अनुसूचित जाति समाज के सरंक्षक तुलेंद्र सागर, विजय बंजारे, देवेंद्र रौतिया सलाहकार आदित्य बोधी, बीपी मेश्राम, जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल, हीरा नेताम, राजेश रात्रे, विकास कुमार चौहान, देवेंद्र मिर्चे,व्यास नारायण बंजारे, दिनेश बंजारे, खोशिल गेंड्रे आदि शामिल रहे।

# जिला जेल में मानसिक जांच, परामर्श एवं आत्महत्या रोकथाम के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

- बंदियों को आत्महत्या के लक्षण और रोकथाम के उपाए बताए

के तहत जिला जेल में मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं रजत जयंती पर मानसिक जांच, परामर्श एवं आत्महत्या रोकथाम कार्यशाला आयोजित किया गया। डॉ आई नागेश्वर राव सीएमएचओ, डॉ बी माहेश्वरी संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का समन्वय किया गया।

बंदियों को आत्महत्या के लक्षण



जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नहीं लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि।

रोकथाम के उपाय में अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखे, आपसी समन्वय स्थापित करें, एक दूसरे से वार्तालाप करें, हल्का व्यायाम करें, प्रतिदिन योगा अभ्यास करें, अपना स्वयं की सफाई करें, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद लें। इस अवसर पर जेल उप अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर आदि मौजूद रहे।

### दो शुभ संयोगों में होगी पूजा, नगर के बाजार में सज गई करवा चौथ की सामग्री

# पति की लंबी उम्र के लिए कल सुहागिनें रखेंगी करवा चौथ का व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु के लिए रखे जाने वाले करवा चौथ का पावन व्रत इस वर्ष 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। जिले की सुहागिन महिलाएं भी इस विशेष दिन के लिए उत्साहित हैं और बाजार में इसकी रौनक साफ दिखाई दे रही है। इस बार यह व्रत सिद्धि योग और शिववास योग के दो अत्यंत शुभ संयोगों में मनाया जाएगा, जिससे व्रत रखने वाली महिलाओं को अभीष्ट फल की प्राप्ति होगी। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर करवा चौथ का त्योहार मनाया जाता है। देव पंचांग के अनुसार, चतुर्थी तिथि की शुरुआत 9 अक्टूबर को रात 10 बजकर 54 मिनट पर हो जाएगी और इसका समापन 10 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 38 मिनट पर होगा। चूंकि व्रत



का संकल्प उदया तिथि में लिया जाता है, इसलिए करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर दिन सोमवार को रखा जाएगा।

ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि इस दिन बनने वाला सिद्धि योग और शिववास योग व्रत को और भी अधिक फलदायी बना रहा है। इन शुभ संयोगों में मां पार्वती, भगवान शिव और चंद्रमा की पूजा करने से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस व्रत के आरंभ को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में वरण करने के लिए सबसे पहले यह उपवास रखा था, जिससे उन्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति हुई थी। एक अन्य कथा देव-दानव युद्ध के समय की है, जब देवियों ने अपने पति की दीर्घायु के लिए ब्रह्मदेव के कहने पर यह व्रत किया था। तभी से यह व्रत सुहागिनों के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व बन गया।

### नगर के बाजारों में बढ़ी रौनक

करवा चौथ के पर्व के लिए नगर के बाजारों में भी हलचल तेज हो गई है। जिले के प्रमुख बाजारों में करवा चौथ से संबंधित पूजा सामग्री की दुकानें सज चुकी हैं, जहां महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। करवा मिट्टी का कलश बाजार में आकर्षक डिजाइन वाली करवा 100 से 150 रुपए में उपलब्ध हैं। थाली सजाने का कपड़ा 60 से 70 रुपए और पूजा आसन 70 से 100 रुपए तक में बिक रहा है। इसके अलावा, काजल, मेहंदी समेत सोलह श्रृंगार के सामानों की मांग भी काफी बढ़ गई है।

### सरगी का सेवन अनिवार्य और कड़े नियम

करवा चौथ का व्रत पूरे दिन निर्जला रखा जाता है। व्रत शुरू करने से पहले, सरगी का सेवन करना अनिवार्य माना गया है। यह सरगी आमतौर पर महिलाओं को उनकी सास द्वारा दी जाती है, जिसमें मिठाई, फल और मेवे शामिल होते हैं ताकि वे दिनभर ऊर्जावान बनी रहे। व्रत के दौरान दिनभर निर्जला रहकर शाम को करवा माता की पूजा की जाती है। इस व्रत में नाखून कटाने और सिलाई जैसे कार्यों को वर्जित माना गया है।

### चंद्र दर्शन के बाद तोड़ेगी व्रत

दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद, महासमुंद की सुहागिनों को रात्रि में चंद्रदेव के दर्शन का बेसब्री से इंतजार रहेगा। चंद्र दर्शन के बाद उन्हें अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद, महिलाएं छलनी से पहले चंद्रमा को और फिर अपने पति को देखकर उनका आशीर्वाद लेती हैं। अंत में, पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत को तोड़ा जाता है, जिसके बाद वह भोजन कर सकती हैं। यह पूरा अनुष्ठान पति-पत्नी के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप

### राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा के द्वितीय दिवस विभिन्न सोपानों का लिया गया परीक्षा

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का रायपुर सम्भाग स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा का आयोजन राज्य मुख्यालय रायपुर के तत्वावधान में किया जा रहा है। द्वितीय दिवस 8 अक्टूबर को स्थानीय डॉ अंबेडकर मांगलिक भवन के सभागार में आयोजित स्काउट गाइड के विभिन्न सोपानों की परीक्षा राज्य पर्यवेक्षक टीकेएस परिहार पूर्व एसटीसी स्का के निरीक्षण एवं राज्य परीक्षक पूनम सिंह साहू के मार्गदर्शन व शिविर संचालक संतोष साहू के दिशानिर्देशन में प्रशिक्षकों द्वारा प्रथमोपचार झनेश साहू, छात्री नायक व हिना भोसले, हाथ एवं सिटी के संकेत राजीव तिवारी व तामेश्वरी साहू, पयोनियरिंग- गिरीश पाढ़ी व लता वैष्णव, कंपस पूनम सिंह साहू व लीलिमा साहू, आग लगाना व बुझाना दिलीप निषाद व जितेश्वरी साहू, नक्शा पढ़ना- ईनु राम वर्मा व राजकुमारी बंजारे, सड़क सुरक्षा के नियम- श सिलेंद्र नायक व लीनू चंद्राकर के साथ प्रथम सोपान की गांठे रिसी फिसि बोरा को सिले 1 एवं 2 को 15-15 के ग्रुप में बांटकर सभी स्काउटर गाइडर ने परीक्षा दक्षता मापन किए। सभी प्रतिभागी स्काउट गाइड ने उत्साह पूर्वक परीक्षा दिए। संध्या में जिलाध्यक्ष येत राम साहू, राज्य मुख्यालय आयुक्त राहुल चंद्राकर एवं जिला उपाध्यक्ष जय पवार एवं आनंद साहू शिरीरार्थियों का कुशलक्षेम पूछने पहुंचे थे। शाम को स्काउट गाइड द्वार शिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। शिविर में सहयोग के लिए विभिन्न जिला से उपस्थित दौलत कुमार देवांगन धमतरी, नीरज शर्मा व बसंत कोसले बलौदाबाजार, लुकेश्वर प्रधान गरियाबंद तथा महासमुंद जिला से प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, अवधेश विश्वकर्मा डीओसी स्का, राम कुमार साहू जिला मुख्यालय आयुक्त, तुलेंद्र सागर जिला मीडिया प्रभारी स्काउटर गाइडर के साथ रोवर रेंजर सम्मिलित हैं। उक्त जानकारी प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव एवं तुलेंद्र सागर जिले मीडिया प्रभारी ने दी है।

# विजयादशमी पर हुआ आरएसएस का पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर के डॉ. भीमराव अंबेडकर बस्ती में विजयादशमी उत्सव पथ संचलन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर स्थानीय आदर्श नगर भलेसर मार्ग के मैदान में बस्ती के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में दोपहर 2:30 को एकत्र हुए। स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला, जो मुख्य मार्ग बागबाहरा रोड, बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, सतबहनियां चौक, गांधी चौक, राम मंदिर के पीछे धोबी कुआं, शिव चौक, दुर्गा चौक, बजरंग चौक, विशाल मेगा मार्ट, मलेरिया ऑफिस होते हुए होते हुए सायं 4 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचा, जहां सभा रखी गई।

बौद्धिक कार्यक्रम में मंचस्थ कार्यक्रम के अध्यक्ष ललित कुमार मेश्राम ट्रस्टी गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद, मुख्यवक्ता गिरीश उपासने कुटुंब प्रबोधन प्रांत सह संयोजक, राजेश डडसेना नगर कार्यवाह उपस्थित थे। अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में गायत्री मंत्र से प्रारंभ किया तथा कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लगातार निरंतर 100 वर्षों से आज समाज के बीच में कार्य कर रहा है, जो कि दुनिया की सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, जिसकी अनेक शाखाएं आज विश्व में काम कर रही है। समाज को जागृत करने की प्रेरणा दे रही है, ऐसे विरला ही कोई संगठन 100 वर्ष तक कार्य करें, यह अपने आप में अनूठा उदाहरण है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गिरीश उपासने ने कहा कि संघ की स्थापना आज से 100 वर्ष पूर्व 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में हुआ था, उसे समय डॉक्टर हेडगेवार ने कुछ युवाओं को लेकर के खेल खेल में यह कार्य प्रारंभ किया था, तब लोग उनका उपहास उड़ाते थे कि डॉक्टर इतने पढ़े लिखे हैं, जो कोलकाता से डॉक्टर की पढ़ाई किए थे। आज जो नौकरी करते तो बहुत कमाते हैं उस समय डॉक्टर बहुत गिने-चुने हुआ करते थे। फिर भी यह बच्चों के साथ काम कर रहे हैं। खेल रहे हैं यह नौकरी क्यों नहीं करते, तब समाज ने कहा कि जब व्यक्ति बीमार होता तो उसे डॉक्टर पास ले जाया जाता है, लेकिन जब डॉक्टर बीमार होते तो उसे कहां लेकर जाएंगे? इस पर डॉक्टर ने कहा कि हिंदू समाज सोया हुआ है, सुषुप्त अवस्था में है इसको जगाने का प्रयास करने के लिए मैं यह सब कर रहा हूं तो लोग हंसते थे, बोलते थे बच्चों को साथ लेकर समाज कैसे जगाओगे ? धीरे-धीरे योग संघ में आते गए और कारवां बढ़ता गया। इसी कड़ी में जब एक बहुत बड़ी श्रृंखला खड़ी हो गई और संगठन ने शक्ति प्राप्त कर ली, उस समय नागपुर में मुगलों का आतंक था। जगह-जगह लूटपाट चोरी चकारी डकैती हत्या बलात्कार आदि में लिप्त रहते थे। उपासने ने कहा कि यह शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन संग लेकर आया है जो कि पांच प्रकार के समाज की विभिन्न कारक है जैसा कि पहला समरसता, दूसरा कुटुंब प्रबोधन, तीसरा पर्यावरण, चौथा नागरिक कर्तव्य बोध एवं पांचवा है स्वदेशी। इस पांचो परिवर्तन को हम समाज को अपने जीवन में लागू करना है। साथ ही उन्होंने वर्ष पर चलने वाले कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ अंबेडकर बस्ती के बस्ती प्रमुख संजय यादव ने किया। सभी आगंतुकों अतिथियों को भेंट स्वरूप पौधा तथा प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन भारत माता की प्रार्थना से हुआ।

## आरएसएस का पथ संचलन आज

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शहीद भगत सिंग बस्ती द्वारा विजय दशमी उत्सव कार्यक्रम के तहत पथ संचलन का आयोजन 9 अक्टूबर गुरुवार दोपहर 2:30 बजे स्थानीय लोहिया चौक से प्रारंभ किया जाएगा। शाम 4 बजे लोहिया चौक में बौद्धिक सभा रखी गई है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। संघ के 100 वर्षों में अपने देश को गौरवशाली सबल एवं संपन्न राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। संघ द्वारा इन 100 वर्षों में पूरे देश के हिंदुओं को संगठित कर देश भक्ति एवं चरित्र संपन्न लोगों की अटूट श्रृंखला तैयार की गई है, जिनके द्वारा राष्ट्र प्रथम के मंत्र के साथ समाज के सहयोग से अनेक उल्लेखनीय कार्य किये गये है। कार्यक्रम के लिए शहीद भगत सिंग बस्ती प्रमुख नेहरू पटेल, सह बस्ती प्रमुख अखिलेश राव को नियुक्त किया गया है। उत्सव प्रभारी सरदार सुमित सिंह ढिल्लो ने बताया कि बौद्धिक कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. हरका बहादुर कालीकोटी करेंगे तथा मुख्य वक्ता ठाकुरराम विभाग प्रचारक राजिम विभाग होंगे। ढिल्लो ने सनातनी धर्म प्रेमियों नागरिकों माता, बहनों से अपील करते हुए कहा कि 9 अक्टूबर गुरुवार को आयोजित पथ संचलन दोपहर 2:30 बजे एवं बौद्धिक सभा कार्यक्रम शाम 4 बजे लोहिया चौक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।



## रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दल रवाना

**सरायपाली।** रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत विकासखंड के श्रद्धालुओं का एक दल अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। श्रद्धालुओं के इस दल को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने रवाना किया। श्रद्धालुओं का यह जत्था बस द्वारा रायपुर तक की यात्रा करेगा। इसके पश्चात ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेगा। जत्थे में शामिल श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर अत्यंत उत्साहित और भावविभोर नजर आए। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा राम लला दर्शन योजना के माध्यम से राज्य के हजारों श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की यात्रा कराने की पहल की गई है। योजना का उद्देश्य नागरिकों को धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है।



## विभा ने महिलाओं के अधिकारों व सुरक्षा को लेकर की चर्चा

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का नगर आगमन पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने लंबे समय तक संगठन में साथ कार्य करने के अनुभवों को साझा किया। कोसरिया ने बताया कि संगठन में कार्य करते हुए विभा अवस्थी के नेतृत्व, कार्यकुशलता और महिला सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणादायक रही है। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, महिला मोर्चा की भूमिका, तथा महिला आयोग के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। महिला आयोग द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं, शिकायत निवारण की प्रक्रिया और राज्य सरकार की महिलाओं के प्रति संवेदनशील नीतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि महिला सशक्तिकरण तभी संभव है जब संगठनात्मक स्तर पर कार्य कर रही महिलाएं आपसी समन्वय, अनुभव साझा करने और नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। विभा अवस्थी ने भी राज्य महिला आयोग की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि आयोग का कार्य महिलाओं को बताया।

## नपाध्यक्ष व पार्षदों ने किया कांक्रीटीकरण कार्य का भूमिपूजन



**महासमुंद।** नगर के बरोंडा चौक स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में कांक्रीटीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पार्षदों, सभापति व जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि कांक्रीटीकरण होने से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी तथा मंदिर परिसर के आसपास कीचड़ व जल जमाव जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, वार्ड पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, सभापति गुलशन साहू, ज्योति रिंकू चंद्राकर, सूरज नायक, पार्षद भारती राजू चंद्राकर, धनेंद्र चंद्राकर, मुश्ताक खान, नीरज चंद्राकर, ईश्वरी भोई, हाफिज कुरैशी, कल्पना सूर्यवंशी, चंद्रशेखर बेलदार, बड़े मुन्ना देवार, सीता तोडेंकर, पवन पटेल, सुधा साहू, हेमंत महाराज, चंद्रबदन मिश्रा, धनजी यादव आदि उपस्थित थे।

## बैठक में मेडिकल कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर की गई चर्चा

**महासमुंद।** स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर खरोरा स्थित मेडिकल कॉलेज के बैठक कक्ष में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं स्वायत्तशासी बॉडी के प्रदेश सरकार द्वारा नामांकित सदस्य डॉ. विमल चोपड़ा ने मेडिकल कॉलेज महासमुंद की विभिन्न समस्याओं को जानने के लिए डीन सहित विभिन्न लोगों से चर्चा की। चर्चा में जो भी कठिनाइयां मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को लेकर आ रही है, उस पर गंभीर मंत्रणा की। उपस्थित लोगों ने सी-आर्म और सिटी स्कैन मशीन जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों की खरीदी की समस्याएं बताई। सिटी स्कैन, सी आर्म मशीन, भर्ती और जो भी बिंदु है सभी चीजों के लिए लिखा जा चुका है, लेकिन अभी भी अनुमति नहीं मिलने के कारण रुका हुआ है। विभाग में राशि की कमी नहीं है, इन सबके लिए जो राशि है, वह आवंटित हो चुकी है। लेकिन, अनुमति नहीं मिली है। सिर्फ अनुमति की जरूरत है। इसके लिए पहले ही शासन को पत्र लिखा जा चुका है, पर अनुमति नहीं मिल रही है। भर्ती के लिए जो तीसरे और चौथे ग्रेड के लोग हैं जिनकी अस्पताल में आवश्यकता है, जिसके लिए यहां फंड भी उपलब्ध है, लेकिन शासन से आरक्षण रोस्टर नहीं मिलने के कारण, ये संविदा नियुक्ति रुकी हुई है, जिसके लिए शासन से अनुमति चाहिए। और छात्रों के लिए हॉस्टल व्यवस्था के लिए वन विभाग के कैंपस की अनुमति की आवश्यकता के साथ यह सभी समस्याएं बताई गई। डॉ. चोपड़ा ने आश्वस्त किया कि सभी महत्वपूर्ण विषयों और समस्याओं का निराकरण हो, इसके लिए वह इन सभी मुद्दों को शासन के समक्ष रखेंगे। बैठक के दौरान ही डॉ. चोपड़ा ने सीजी एमएससी के अध्यक्ष दीपक मस्के से फ़ोन पर उनसे बात की और उन्हें सभी विषयों को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने कहा कि वो अभी बिहार चुनाव में हैं और वहां से आते ही इन सब समस्याओं का निराकरण तत्काल करेंगे। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि जो नया मेडिकल कॉलेज है एवं उसके लिए जो रास्ता है, उसमे भी दिक्कत है। उस रास्ते के निर्माण के लिए भी कोई फंड नहीं है। उसके लिए भी उन्होंने दीपक मस्के से चर्चा की। ताकि, वहाँ पहुंच मार्ग बन सके। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री ने इसके लिए निरीक्षण के दौरान ही निर्देश दिया था। हॉस्टल के विषय डॉ. चोपड़ा ने शाम को कलेक्टर और डीएफओ से भी चर्चा की, जिस पर डीएफओ ने भी रुचि दिखाते हुए कहा कि ऊपर सीसीएफ से यदि निर्देश हो जाता है तो हॉस्टल हेतु, कैंपस की अनुमति देने में कोई आपत्ति नहीं है।बैठक में डॉ. विमल चोपड़ा के साथ डॉ. रेणुका गहिने (अधिष्ठाता), डॉ. बसंत माहेश्वरी (संयुक्त संचालक व सह अधीक्षक) आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत हुआ विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)



विकासखंड सरायपाली के सभी विद्यालयों का 'मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान' के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 08 अक्टूबर को संकुल केंद्र कलेंडा (सिं.) के सभी विद्यालयों के साथ-साथ शासकीय प्राथमिक शाला जोगीदादर का भी सामाजिक अंकेक्षण किया गया। उक्त विद्यालय के लिए मुख्य अंकेक्षक हेमसागर चौहान, व्याख्याता, हायर सेकेंडरी स्कूल कलेंडा तथा पवन बरिहा एवं जयलाल पाण्डे नियुक्त थे। अंकेक्षकों ने विद्यालय में उपलब्ध भौतिक संसाधनों, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन एवं बच्चों के बौद्धिक दक्षता की जांच की। उपस्थित अतिथियों एवं मुख्य अंकेक्षक चौहान ने बच्चों की उपलब्धि जांचने के लिए कई प्रश्न किए, जिसका बच्चों ने सहज एवं पूरे आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। बच्चों से पुस्तक वाचन भी कराया गया। कक्षा चौथी एवं पांचवी के बच्चों के द्वारा अँग्रेजी की पुस्तक पठन कौशल की सभी ने प्रसंशा की। इस अवसर पर गाँव के नागरिक एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य नरेश बरिहा, राजू बरिहा, विजय बरिहा, जोगेश्वर साहू, नारायण बरिहा, जमुना पटेल, रेणुका बरिहा, कैमत यादव आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधान पाठक विजय कुमार भवसागर एवं सहायक शिक्षक केशव प्रसाद साहू ने उपस्थित अतिथियों एवं अंकेक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में शिक्षकों द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया।

## रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना हुए तीर्थयात्री



**महासमुंद।** रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत बुधवार को अयोध्या के लिए तीर्थ यात्री भगवान रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने श्रद्धालुओं को भगवा झंडा दिखाकर बस को रवाना किया। विधायक सिन्हा ने कहा कि आप सभी रामलला दर्शन के पुण्य कार्य में शामिल होने जा रहे हैं। आगे कहा कि प्रभु राम से आप सभी के मंगलमय यात्रा की कामना करता हूं। इसके अलावा उन्होंने कहा मलला दर्शन अयोध्या धाम योजना से राज्य के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। अपने आराध्य देव के दर्शन के लिए लोग बढ़-चढ़कर यात्रा के लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली हमारी सरकार कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेतागण प्रकाश शर्मा, शरद राव, मुन्ना साहू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में एमए राजनीति विज्ञान विभाग छात्र परिषद का हुआ गठन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में एमए राजनीति विज्ञान विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का राजनीति विज्ञान विभाग छात्र परिषद का गठन एवं प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. रीता पांडेय, डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, प्रो. डॉ नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र,सहायक प्राध्यापक केशर चंद्र बनपाल, विजय कुमार मिर्चे मौजूद रहे। राजनीति विज्ञान परिषद के पदाधिकारियों का मनोनयन व शपथ प्राचार्य के श्रीमुख से किया गया। जिसमें अध्यक्ष आरती प्रजापति तृतीय सेमेस्टर, दिलेश तिलक उपाध्यक्ष प्रथम सेमेस्टर, सचिव चंपी साहू तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव जागृति साहू प्रथम सेमेस्टर, कोषाध्यक्ष मायावती ठाकुर तृतीय सेमेस्टर, मीडिया प्रभारी प्रभा ध्रुव प्रथम सेमेस्टर, सांस्कृतिक प्रभारी प्रज्ञा चंद्राकर प्रथम सेमेस्टर। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ रीता पांडेय ने छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने प्रेरित किया। डॉ.मालती तिवारी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग छात्र-छात्राएं के चहुमुखी विकास करने कृत संकल्पित है। डॉ नीलम अग्रवाल ने कहा कि विभाग आपको अपने सर्वांगीण विकास करने के लिए अवसर प्रदान करते है। परिषद गठन के लिए तृतीय सेमेस्टर से धनंजय चेलक, मनोहर सोनवानी, पंकज धृतलहरे, भारती ध्रुव, प्रियंका जांगड़े, उपेंद्र पटेल महेंद्र खूटे, भैरव तथा प्रथम सेमेस्टर भावेश रामटेके, ललित साहू, शालिनी कोशले, सरिता साहू, इशिका, भामिनी इआदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में आभार व्यक्त केसर चंद्र बनपाल तथा संचालन विजय कुमार मिर्चे ने किया।

# जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**महासमुंद।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ के सौजन्य तथा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी 2025-26 का जिला स्तरीय आयोजन आज सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद में हुआ। इस वर्ष संगोष्ठी का विषय है "क्वांटम युग का आगाज : संभावनाएं एवं चुनौतियां।" इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक खोज, विश्लेषणात्मक एवं तर्कशील प्रवृत्तियों को विकसित करना, उभरते वैज्ञानिकों को अपने विचारों के आदान-प्रदान हेतु मंच प्रदान करना तथा देशभर के बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना है। क्वांटम तकनीक आज के विज्ञान जगत में एक नई क्रांति का आरंभ मानी जा रही है। यह तकनीक परमाणु और उपपरमाणु स्तर पर पदार्थ एवं ऊर्जा के व्यवहार को समझने से संबंधित है। क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम संचार और क्वांटम सेंसरिंग जैसी प्रगतियां न केवल कंप्यूटर विज्ञान को नई दिशा दे रही हैं, बल्कि चिकित्सा, रक्षा, संचार और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व परिवर्तन ला रही हैं। भविष्य का यह "क्वांटम युग" विद्यार्थियों के लिए विज्ञान के नए आयामों को समझने और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है।

विकासखंड स्तर से चयनित 10 विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय संगोष्ठी में अपने विचारों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। प्रतिभागियों ने स्लाइड, पोस्टर एवं फाइल प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विषय पर अपनी रचनात्मक और तार्किक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में हेमेंद्र आचार्य (प्राचार्य) एवं तृप्ति ध्रुव (व्याख्याता) उपस्थित रहीं। निर्णायकों द्वारा मूल्यांकन उपरांत गरिमा सोनी, कक्षा 10वीं, शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद को प्रथम स्थान तथा स्वाती यादव, कक्षा 9वीं, सेजेस सरायपाली को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विद्यार्थी अन्वेषा प्रधान, दिव्या कुर्रे एवं हितेश पटेल के प्रदर्शन को भी सराहनीय रहा। चयनित दोनों विद्यार्थी आगामी जोन स्तरीय संगोष्ठी में 9 अक्टूबर को शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर में अपने सेमिनार का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में डीएनओ जिला विज्ञान परिषद, जगदीश सिन्हा, मार्गदर्शक शिक्षक चंद्रशेखर मिथिलेश एवं यशवंत कुमार चौधरी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर डीईओ विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, प्राचार्य जीआर सिन्हा आदि ने हर्ष जताया है।

# संभाग स्तरीय स्काउट्स-गाइड्स राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का रायपुर संभाग स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा का आयोजन राज्य मुख्यालय रायपुर के तत्वावधान में 7 से 11 अक्टूबर तक डॉ अंबेडकर मांगलिक भवन एवं इनडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता येतराम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट गाईड, अति विशिष्ट अतिथि निखिलकांत साहू अध्यक्ष नगर पालिका, विशिष्ट अतिथिगण देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, जिला उपाध्यक्षगण जय पवार, एस चंद्रसेन, आंनद साहू, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त, डीएमसी रेखराज शर्मा, संदीप घोष, रत्नेश साहू, नितिन जैन, सुमीत जैन, एनके सिन्हा सहायक संचालक, अंजलि बरमाल सहायक क्रीडा अधिकारी, हिना धालेन सविशिअ, राज्य पर्यवेक्षक टीके एस परिहार पूर्व एसटीसी स्का, मधु शर्मा सीनियर गाइडर रहे। समस्त अतिथियों का स्वागत स्कार्फ से करते हुए प्रार्थना, ध्वजारोहण एवं स्काउट गाइड झंडा गीत से प्रारंभ हुआ। ततपश्चात सभी अतिथि मंचासीन हुए। सभी का परिचय के साथ करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

प्रतिवेदन के साथ शिविर संचालक संतोष साहू डीटीसी ने बताया कि इस शिविर में रायपुर संभाग के महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार भाटापारा, धमतरी जिला से 139 स्काउट, 157 गाइड, 09 प्रभारी शिक्षक, 10 सर्विस रोवर रेंजर, 10 राज्य मुख्यालय स्टाफ, 10 जिला मुख्यालय स्टाफ एवं 10 सहयोगियों के साथ कुल 345 सदस्य सम्मिलित हुए हैं, जो 7 से 11 अक्टूबर तक स्काउट गाइड के नियमानुसार सम्मिलित होकर राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा को सफल बनाएंगे। साथ ही अतिथियों को राज्य मुख्य परीक्षक पूनम सिंह साहू एलटी आज प्रथम दिवस के पाठ्यक्रम में प्रवेश के अंतर्गत गणवेश, आधारभूत तत्व, नियम, प्रतिज्ञा, चिन्ह सैल्यूट बांया हाथ मिलाना आदर्श वाक्य, आंदोलन का ज्ञान, प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रगान, ध्वज की जानकारी की जांच एवं परीक्षा लिया। अतिविशिष्ट अतिथि निखिलकांत साहू ने शिविर में सम्मिलित बच्चों का नगर आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि आप लोग हमारे भविष्य हो, जब अनुशासित रहकर किसी भी कार्य को करेंगे, वह अलग पहचान होता है। देश का नाम होता है, हम सभी गौरवान्वित होते हैं।

जिलाध्यक्ष एतराम साहू ने कहा कि राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर के लिए हमारे जिला का चयन हुआ, इसके लिये उन्होंने राज्य को धन्यवाद दिया। सभी प्रतिभागी स्काउट गाइड समस्त प्रभारी, प्रशिक्षक मंडल एवं समस्त सहयोगियों के स्वागत है। जब भी आप लोगों को जो सहयोग चाहिए मैं स्वयं एवं जिला टीम तत्पर रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सिन्हा ने शिविरार्थी स्काउट गाइड जांच शिविर में उपस्थित सभी स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी अनुशासन का पाठ पढ़ते हैं। यही जीवन में आगे बढ़ने का प्रथम सूत्र होता है। आप सभी बच्चे अधिक मेहनत करें, परीक्षा पास हो। राज्य पुरस्कार से सम्मानित हो और हमारे संभाग का नाम रोशन करें। इस संभाग स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा को संचालित करने के लिए राज्य मुख्यालय रायपुर से स्काउट विभाग में संतोष साहू शिविर संचालक, पूनम सिंह साहू मुख्य परीक्षक, सहायक संचालक गण ईनु राम वर्मा, गिरीश पाढ़ी, शैलेंद्र नायक एवं गाइड विभाग में लीलिमा साहू मुख्य परीक्षक, सहायक के रूप में लीनू चंद्राकर, हीना भोसले, छात्री नायक व नेहा उपाध्याय कंप्यूटर ऑपरेटर को नियुक्त किए हैं। साथ ही स्थानीय व्यवस्था एवं सहयोग के लिए जिला मुख्यालय से प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव, राजीव तिवारी जिला सहसचिव, तुलेंद्र सागर जिले मीडिया प्रभारी, झनेश साहू विखं सचिव, व्यासनारायण बंजारे स्काउटर, अवधेश विश्कर्मा, डीओसी स्का, लता वैष्णव विखं सचिव, तामेश्वरी साहू जिला गाइडर इस राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा शिविर में सम्मिलित हैं। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र नायक एवं आभार प्रदर्शन राम कुमार साहू जिला मुख्यालय आयुक्त ने किया। उक्त जानकारी प्रमोद कन्नौजे जिला सचिव एवं तुलेंद्र सागर जिला मीडिया प्रभारी ने दी है।

## खबर संक्षेप




### आप की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई

**महासमुंद।** ग्राम रायमुड़ा में ब्लाक व सर्कल प्रभारी की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूती के लिए सभी प्रभारियों की कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक गाँव में कम से कम 10 समर्पित कार्यकर्ताओं को जोड़ना है। विधानसभा में लगभग 200 से ऊपर गाँव है। आने वाले चुनाव में आम आदमी पार्टी 90 विधानसभा में बगैर किसी गठबंधन के चुनाव लड़ेगी। केन्द्रीय कार्यालय इस पर निगाह बनाए हुए हैं। हर विधानसभा का अलग-अलग रिव्यू प्रतिदिन राज्य कार्यालय से केंद्रीय कार्यालय जाता है। बहुत जल्दी जिला स्तरीय बैठक होगी। चारों विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक आने वाले समय में रखी जाएगी। जिसमें दिल्ली से राष्ट्रीय कार्यकारिणी के मेंबर उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, राज्य संगठन मंत्री संजय यादव, महासचिव मधु यादव, सुरेश कुमार, यशवंत ध्रुव, समरथ खड़िया, अगेश्वर यादव, मोहन साहू, संजय यादव, द्वारिका पटेल, तेजराम यादव, मनराखन यादव, विजय यादव, सदाराम यादव, रमेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### बृजराज स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री बृजराज महासमुंद में किया गया, इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन, विद्यार्थियों की सीखने की दक्षता का मूल्यांकन तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। अभियान के माध्यम से अभिभावकों, शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों एवं समुदाय को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में जोड़ा गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षण व्यवस्था बच्चों की उपस्थिति सीखने के स्तर शैक्षिक संसाधनों के उपयोग तथा विद्यालय वातावरण का सामूहिक आकलन किया गया। इस अवसर पर कक्षा चौथी से दक्ष साहू के पिता दुर्गेश साहू व माता सत्तू साहू द्वारा न्योता भोज दिया गया। इसमें चावल, दाल, सब्जी के साथ केला, जलेबी परोसा गया। साथ ही पेन व पेंसिल भी दिया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक लक्ष्मी ध्रुव मोंगरा, गोमती साहू बृजराज, अशोक नामदेव, शिक्षक मनीषा साहू, स्वाति सिन्हा, बिमलेश्वरी दुबे, देवेंद्र ठाकुर, रसोईया लक्ष्मी साहू, निशा, ईश्वरी, मोनिका, मुन्ना साहू आदि मौजूद रहे।

### बरकेलकला में किया गया पौधरोपण

**झलप।** एक पेड़ मां के नाम भारत का एक सामूहिक वृक्षारोपण अभियान है। ग्राम पंचायत बरेकेलकला के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में शिक्षकगण, शाला विकास समिति और सरपंच, पंच दिगेश्वर प्रवीण टंडन, उपसरपंच राकेश कुमार टंडन, अध्यक्ष देवनारायण चक्रधारी, उपाध्यक्ष गणेश मूर्ति, धनीराम जांगड़े, अनिता नेमीचंद वर्मा, अमिता चंद्र गुप्त, सत त्रिलोचन द्वारा एक पेड़ मां नाम के तहत पौधारोपण किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रोसाहित करना है। ताकि, वे अपनी मां के प्रति अपना प्रेम, सम्मान और आभार व्यक्त कर सके। साथ ही धरती मां की रक्षा करने और हरियाली बढ़ाने का संकल्प ले सके यह पहल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती हैं और लोगों में प्रकृति के प्रति जागरुकता पैदा करती है।

## आयोजन: विजयी प्रतिभागियों को 5 लाख 73 हजार के पुरस्कार बांटे गए

# हर्षोल्लास के साथ हुई अंजलि विहार कॉलोनी में रास गरबा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)



अंजलि विहार कॉलोनी लहरौद में शरद पूर्णिमा की रात्रि को लगातार सात वर्षों से आयोजित रास गरबा प्रतियोगिता का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ हुआ। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में बसना के विधायक प्रतिनिधि एवं युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य स्वप्निल तिवारी के मुख्य आतिथ्य और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री दुलीकेशन साहू के विशेष आतिथ्य में विजयी प्रतिभागियों को 5 लाख 73 हजार रुपए के भव्य पुरस्कारों का वितरण किया गया।

गौरतलब है कि यह प्रतियोगिता नवरात्र पर्व पर विगत 7 वर्षों से आयोजित की जा रही है, जो अब पूरे क्षेत्र में अपनी पारदर्शिता और पारिवारिक माहौल के लिए पहचानी जाती है। मुख्य अतिथि स्वप्निल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन लहरौद पिथौरा ही नहीं, बल्कि रायपुर और ओडिशा जैसे समीपस्थ प्रदेशों के प्रतिभागियों को भी आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि अंजलि विहार कॉलोनी का यह आयोजन हमारे क्षेत्र का नाम धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में गौरवान्वित कर रहा है।

### विजेताओं पर हुई पुरस्कारों की बरसात

आयोजन समिति, अंजलि विहार कॉलोनी रास गरबा उत्सव समिति ने इस वर्ष प्रतिभागियों के लिए कुल 5 लाख 73 हजार रूपये का नगद पुरस्कार रखा था। नौ दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन दिवस पर निर्णायक समिति द्वारा चयनित विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान (ग्रुप) में राधे गोविंदा रास गरबा ग्रुप (मुढ़ीपार) को 1,01,000 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। बी स्थान में कंचन राजपूत (नयापारा खुर्द) को 41 हज़ार रुपए नगद राशि दी गई। सी स्थान (संयुक्त) में करन सिंह एवं रितेश ध्रुव को 31 हज़ार नगद राशि प्रदान की गई। द्वितीय स्थान (4 प्रतिभागी) में रौनक सिंह सलूजा, मीठी उजाला पिथौरा, नेहरू लाल और दीपिका ध्रुव लाखागढ़ को एक-एक इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी प्रदान की गई। तृतीय स्थान (8 प्रतिभागी) में प्रत्येक को 7,500 रुपए की नगद राशि। चतुर्थ स्थान (4 प्रतिभागी) में प्रत्येक को 4 हजार की नगद राशि। पंचम पुरस्कार (7 प्रतिभागी) में प्रत्येक को चांदी की मूर्ति प्रदान की गई। बेस्ट डांडिया अवार्ड में बमलेशेरी डांस ग्रुप, आरती दीवान और लाल घूंघट ग्रुप को दिया गया। इसके अतिरिक्त, प्रतियोगिता में प्रतिदिन शामिल होने वाले 70 प्रतिभागियों को भी 500-500 रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र सिन्हा, यूके दास, गौतम साहू, पुनीत सिन्हा, गुरचरण सलूजा, शैलेंद्र डडसेना, रामकृष्ण मने, टिकेंद्र प्रधान, अनिल सोई, रमेश सिंहा, रमेश श्रीवास्तव, बिट्टू सलूजा, कमलकिशोर यादव, आकाश सिंहा, तेजराम पटेल, मिंकू आज़मानी, रोहिणी देवांगन, मनीष अग्रवाल, श्रीकांत भोई, डोलामणि साहू, राजेश कुमार भोई, शिव प्रसाद पटेल, कुलजीत आज़मानी, अरुण देवता, खिलेश यादव, चिंटू (चिरंजीवी) सिन्हा, पंकज भोई, प्रफुल्ल तिवारी, रविलाल पंडा, पिकुल साहू, अनाया साहू, कंचन साहू, नीना दास, रीता मने, रश्मि साहू, दीपिका देवांगन, शिवकुमारी सिंहा, प्रमिला सिंहा, सुशीला साहू, गायत्री साहू, अनीता भोई, प्रतिमा साहू, मनु भोई, शकुंतला अग्रवाल, कवलजीत कौर, गुरमीत कौर, कंचन दीवान, शारदा गोस्वामी, मनप्रीत कौर, हरप्रीत कौर की मुख्य भूमिका रही।

## डिवाइडर में उगे पौधों की छिलाई किए जाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 स्थित खल्लारी सड़क मार्ग के डिवाइडर में लगे पौधों की घने झाड़ियों को छिलवाने व डिवाइडर को सुव्यवस्थित कराने खल्लारी वार्ड क्रमांक 16 निवासी धीरज गुप्ता ने कलेक्टर के नाम आवेदन किया है। कलेक्ट्रेट कार्यालय के आवक जावक शाखा में प्रेषित आवेदन में खल्लारी निवासी धीरज गुप्ता ने लिखा है कि ग्राम पंचायत खल्लारी अंतर्गत कुल 16 वार्ड है। जिसमें कुल 4 वार्ड राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 353 में बसी हुई है। जहां सड़क मार्ग के डिवाइडर में विभिन्न प्रजातियां का पौधे लगा है। जिस पौधों का आकार अब काफी बड़ा हो गया है। पौधों के बड़ा होने के कारण सड़क मार्ग के इस किनारे से उस किनारे स्पष्ट नहीं दिखता है। जिससे सड़क मार्ग में सफर के दौरान यहां मुख्य चौक में खतरा बना रहता है। इस दृष्टि से डिवाइडर में लगे पौधों का छिलाई के साथ सड़क मार्ग को यहां खल्लारी में व्यवस्थित रखने की जरूरत है। उक्त सड़क की लम्बाई यहां नेशनल हाईवे पर प्रारंभ में हुमन प्राईड स्कूल से भीमखोज नाला पुल तक करीब 3 सौ मीटर की है। जिसमें लगे पौधे अब काफी बड़े हो गये है। जिन पौधों के झाड़ियों को यहां सड़क के डिवाइडर में पौधों को संबंधित लोक निर्माण विभाग के माध्यम से छिलवाने की मांग की है।

## भंवरपुर एवं सांकरा परिक्षेत्र साहू समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

तहसील साहू संघ बसना के नेतृत्व में भंवरपुर एवं सांकरा परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष पंकज साव ने की। समाज में एकता, संगठन और विकास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

भंवरपुर परिक्षेत्र में निर्वाचित पदाधिकारियामें अध्यक्ष अजीत साव, उपाध्यक्ष स्वराज साहू, संगठन सचिव रेशमलाल साहू, महिला उपाध्यक्ष नंदिनी साव, महिला संगठन सचिव पार्वती साव, सांकरा परिक्षेत्र में निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष कुंजराम साव (निर्वाचित), उपाध्यक्ष गोविंद साव (निर्वाचित), महिला उपाध्यक्ष लिनीजुकता साव (निर्वाचित), संगठन सचिव कमलप्रसाद साव (निर्विरोध), महिला संगठन सहसचिवः कौशल्या साव (निर्विरोध)।

इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और युवा सहभागिता पर चर्चा की गई। अध्यक्ष पंकज साव ने कहा कि साहू समाज एकजुट होकर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। नई कार्यकारिणी समाज के विकास, संगठन सशक्तिकरण और कर्मा माता के आदर्शों के प्रसार के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। अंत में कर्मा माता की आराधना कर समाज की समृद्धि एवं कल्याण की कामना की गई।

# सरस्वती साइकिल योजना से बालिका शिक्षा को मिली प्रोत्साहन : देवकी

## दुलारपाली के स्कूली छात्राओं को मिली निशुल्क सायकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत साइकिलों का वितरण कक्षा नवमी के छात्राओं को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत महासमुंद अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल थी। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति देवकी पुरुषोत्तम दीवान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुमारी भास्कर सभापति स्वास्थ्य समिति जिला पंचायत महासमुंद, संतोषी मुन्ना अग्रवाल सदस्य जनपद पंचायत बसना, देवकी पारस पटेल सरपंच ग्राम पंचायत दुलारपाली, दंडधर साव अध्यक्ष भाजपा मंडल केदुवां, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के नोडल अधिकारी नवीन कुमार पटेल प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल लंबर उपस्थित थे। अन्य गणमान्य अतिथियों में डॉक्टर भास्कर, पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया, उत्तर निषाद, जागेश्वर चंद्रा, सोमनाथ पटेल, गौरीशंकर पटेल, मुंगराम साहू, गोपीनाथ साहू, जीवनलाल साहू, सोहनलाल सिदार, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू, सरपंच प्रतिनिधि पारसमणी पटेल सहित पालकगण, जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। चांद चौहान आरती अप्पी ने मंत्रोच्चार सहित सरस्वती वंदना प्रस्तुति की। अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत पश्चात कामिनी यामिनी परी वैष्णव ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्राचार्य प्रेमानंद भोई ने स्वागत उद्बोधन दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संतोषी मुन्ना अग्रवाल ने कहा कि



विद्यार्थी जीवन हर मनुष्य के लिए महत्वपूर्ण होता है इसलिए अच्छाइयों को अपनाकर बुराइयों से दूर रहना चाहिए। ताकि, लक्ष्य प्राप्त हो सके। कुमारी भास्कर ने मुख्यमंत्री गुणवत्ता शिक्षा अभियान के विभिन्न मापदंडों पर बात की और सभी बच्चों से परिचय प्राप्त किया और उदाहरण देकर बताया कि बच्चे किस तरह निर्भय होकर बेझिझक बोल सकते हैं। विशिष्ट अतिथि निषाद ने छात्र छात्राओं को सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर, लक्ष्य निर्धारण और कैरियर पर फोकस करने की बात की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में देवकी पुरुषोत्तम दीवान ने कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण छत्तीसगढ़ शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देना है। वर्तमान समय में पुस्तक, साइकिल, छात्रवृत्ति वितरण, इंस्पायर अवार्ड के माध्यम से यह प्रयास है कि पालकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार न आए और बच्चे चिंतामुक्त होकर अच्छी और सच्ची शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने अपने बचपन के संघर्षों का उदाहरण देते हुए बच्चों को प्रेरित किया।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों को विद्यालय की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया एवं खेल मैदान से विद्युत तार व खंभों को स्थानांतरित करने की मांग की। कार्यक्रम में रेडक्रॉस प्रभारी रोहित कुमार साहू, एनएसएस प्रभारी कृष्ण कुमार नायक, स्काउट प्रभारी टेकलाल पटेल, उपेंद्र बुडेक, डीएल खटकर, अमित चौरसिया, लोकेंद्र नायक, सुशांत प्रधान, हाराधन चौधरी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी टेकलाल पटेल एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता उपेंद्र बुडेक ने किया। पश्चात अतिथियों व पालक सदस्यों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत विद्यालय परिसर में छायादार व फूलदार पौधे लगाए गए।

# विखं स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम झिलमिला में हुआ, बाल वैज्ञानिकों की हुई खूब सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विकासखंड स्तर पर शासकीय हाईस्कूल झिलमिला में विकसित और आत्मनिर्भर भारत अंतर्गत सात उप विषयों में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्साह के साथ हुआ, जिसमें बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभागिता किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीकमचंद पटेल ने संदेश के माध्यम से समस्त प्रतिभागी बाल वैज्ञानिकों एवं मार्गदर्शक शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनकी विशिष्ट भूमिका के लिए हार्दिक बधाई दी एवं विज्ञान कार्यक्रमों के प्रति सक्रियता की सराहना की।

एबीईओ डीएन दीवान ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं बाल वैज्ञानिकों को खूब प्रोत्साहित किया एवं नवाचारी गतिविधियों में सक्रियता बढ़ाने आवश्यक मार्गदर्शन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आपकी प्रस्तुतिकरण, आपकी नई सोच/ नवाचार को प्रदर्शित करता है, जो समाज के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार करता है। बीआरसीसी देवानंद नायक ने विद्यार्थियों के मॉडल/ प्रोजेक्ट का अवलोकन करते हुए खूब तारीफ किया और निरंतर विज्ञान कार्यक्रमों से जुड़े रहने सीखते रहने हेतू उद्वेलित किया तथा इन सीखी हुई चीजों का उपयोग व्यवहारिक जीवन में करने हेतु प्रेरित किया। विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम प्रभारी/ सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिरुचि बढ़ाने एवं समाज के प्रति नए आइडिया के साथ उत्तरदायित्व हेतु अपनी प्रतिभा उजाकर करने यह प्रदर्शनी महत्वपूर्ण है। व्याख्याता संजय कुमार नाग ने कहा कि यह कार्यक्रम रुचिकर एवं ज्ञानप्रद है जहां सबको सीखने-समझने का सुअवसर मिलता है ऐसे कार्यक्रमों से जागरूकता में वृद्धि होती है। निर्णायक/ व्याख्याता प्रज्ञा शर्मा ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी में विषय की गंभीरता सहित प्रौद्योगिकी एवं तकनीक का प्रयोग काफी आवश्यक है यह मस्तिष्क की सक्रियता बढ़ाने में मददगार होता है।

व्याख्याता एवं जिला विज्ञान परिषद के सक्रिय सदस्य निर्मल कुमार प्रधान ने



अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बाल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिलता है और बच्चों को इसका भरपूर लाभ लेना आवश्यक है। निर्णायक/शिक्षक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और विज्ञान व प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के साथ व्यवहारिक अनुभव प्राप्ति का एक सशक्त माध्यम विज्ञान प्रदर्शनी प्रोग्राम है। विज्ञान प्रदर्शनी से नवाचार / ज्ञान का सहज आदान-प्रदान होता है, जिससे बच्चों को काफी सीख मिलती है। बच्चों को विषय की बारीकियों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विकासखंड सहायक नोडल अधिकारी यशवंत कुमार चौधरी द्वारा किया गया।

आइडियल पब्लिक स्कूल पाटसेंद्री से दीपक पाणिग्राही एवं दिनेश चौधरी के मार्गदर्शन में दसवीं की यामिनी पटेल एवं चेतन पटेल ने प्लास्टिक से ईंधन बनाने की नई तकनीक/ प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करते हुए खूब वाहवाही बटोरी। वहीं लिंगराज पटेल एवं गीतांजलि चौधरी ने इंटीग्रेटेड वॉटर कंजर्वेशन प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। बानीगिरोला स्कूल से प्रज्ञा शर्मा के मार्गदर्शन में 12वीं के छात्र अनुज पटेल एवं निमेश पटेल ने जल संरक्षण एवं जल संचयन पर आवश्यक प्रोजेक्ट प्रदर्शित किया। पैकिन स्कूल से स्वरूप कुमार साहू एवं सुशील कुमार पटनायक के मार्गदर्शन में 12 वीं के छात्र योगेश पटेल एवं चंदन तांडी ने अपशिष्ट प्रबंधन पर अपना प्रोजेक्ट प्रदर्शित किया।

भुथिया स्कूल से सीमा सेठ के मार्गदर्शन में दसवीं की छात्रा भारती प्रधान ने विज्ञान के प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया एवं नवमी की अमृता भोई एवं प्रियंका सिदार ने ट्रैफिक सिग्नल संबंधी प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया।

सेजेस सरायपाली से नवमी की छात्रा तनुष्का नायक ने ग्रीन एनर्जी फ्रॉम किचन वेस्ट संबंधी प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। सेजेस सरायपाली की बालिकाओं की टीम ने व्याख्याता रेखा पुरोहित एवं शिक्षिका हिमाद्री प्रधान के मार्गदर्शन में विज्ञान नाटिका का मंचन किया। ईवास वुडलैंड स्कूल से मितेश साहू के मार्गदर्शन में अलेख नायक एवं विद्यार्थियों ने विविध कार्यक्रम में प्रतिभागिता किया। चारभाठा स्कूल से शशिभूषण पटेल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विविध कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता महासमुंद में 13 अक्टूबर को शामिल होने का सुअवसर प्राप्त होगा।

## मतदाता जागरुकता के लिए उच्च शिक्षण संस्थानों में अकादमिक प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले के समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्धारित अवधि 15 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न अकादमिक प्रतियोगिताओं का आयोजन के निर्देश दिए हैं। गतिविधियों में परिचर्चा अंतर्गत लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीतिः क्या हम असली मुद्दों से भटक रहे है। निबंध प्रतियोगिता अंतर्गत लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया पर मीडिया की भूमिका, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित तथा नारा लेखन एवं वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित किया जाना है। कलेक्टर ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ईसीनेट मोबाईल एप्प को महाविद्यालयीन सभी छात्र-छात्राओं को अपने मोबाईल पर डाउनलोड के लिए प्रेरित करने तथा इसके माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, नाम डिलीट करने व नाम को एक स्थान से अन्यत्र स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए ऑनलाइन फॉर्म 6, 7 एवं 8 भरने की क्रियाविधि की जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया में किए गए 29 नवाचारों की जानकारी भी प्रदान करने कहा है।



खबर संक्षेप



## खरोरा में मनाई मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में देश के उपन्यासों के रचयिता एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, जया चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, विमला चंद्राकर, भूषण चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## राजेश गौ सेवा आयोग में जिला सदस्य नियुक्त

**पिथौरा(ग्रामीण)।** समाजसेवा



और गौ संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सक्रिय कार्यकर्ता राजेश चौधरी को छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग में जिला सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। राजेश चौधरी लंबे समय से गौ संरक्षण, पशु कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक क्षेत्र के कार्यों में समर्पित रहे हैं। उन्होंने अपने प्रयासों से परित्यक्त और घायल गौवंश के उपचार, चारा-पानी की व्यवस्था और गौशालाओं के संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग किया है। गौ सेवा के प्रति उनके निःस्वार्थ समर्पण और समाजहित में किए गए कार्यों ने उन्हें क्षेत्र में गहरी पहचान और सम्मान दिलाया है। उनकी नियुक्ति की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, गौशाला समितियों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई दी। लोगों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में जिले में गौ संरक्षण के कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी।

## डूमरडीह स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामानिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पूर्व माशा डूमरडीह में किया गया। नोडल अधिकारी मनोहर लाल साहू शिक्षक शापूमाशा तुसदा रहे। इस दौरान बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति, सीखने के स्तर, शैक्षणिक संसाधनों के उपयोग तथा विद्यालय का वातावरण का सामूहिक मूल्यांकन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण के माध्यम से समुदाय ने विद्यालय की प्रगति और सुधार के लिए सुझाव भी प्रस्तुत किए। बच्चों के लिए न्योता भोज में खीर, पूड़ी, दाल, चावल, सब्जी परोसा गया। इस अवसर पर शिक्षक कुंभन राम यादव, निर्मला दीवान, शिक्षाविद परस राम सोनवानी, सरपंच सुशीला अलख राम साहू एवं पालक सदस्य जानकी साहू, दिलीप विश्वकर्मा, ललित साहू, डगेश कुमार, लोकेश साहू, सुनीता दीवान, ममता दीवान, जयकुमारी साहू, पंचवती दीवान, आसकुमारी दीवान, लता दीवान, सुरेखा कुमार सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी संकुल समन्वयक मनी राम चक्रधारी संकुल केंद्र डुमरडीह बागबाहरा ने दी है।

# कबीर मठ तरेकेला का संपूर्ण प्रभार अब महंत लखनमुनि को दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक प्राचीन कबीर मठ

- महंत विवेकदास ने मूलगादी वाराणसी से जारी किया पूर्ण दायित्व पत्र

तरेकेला में अब धार्मिक, प्रशासनिक और प्रबंधकीय समस्त कार्यों का संचालन संत लखनमुनि के जिम्मे रहेगा। यह अधिकार उन्हें कबीरपंथ की मूलगादी सद्गुरु कबीरमठ, कबीरचौरा (वाराणसी) से विधिवत रूप से प्राप्त हुआ है।

**महंत माधवदास के स्वर्गवास के बाद सौंपा गया संपूर्ण कार्यभार**

सूत्रों के अनुसार महंत माधवदास के स्वर्गवास के पश्चात तरेकेला मठ के संपूर्ण कार्यभार का निर्वहन करने के लिए महंत विवेकदास ने संत लखनमुनि को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व में भी संत लखनमुनि तरेकेला मठ के कार्यों का प्रभार संभाल चुके हैं। अब उन्हें पूर्ण दायित्व अधिकार पत्र के साथ मठ के सभी धार्मिक एवं प्रशासनिक निर्णयों के संचालन का अधिकार प्राप्त हुआ है। महंत विवेकदास बोले कि मठ की सेवा निष्ठा और विश्वास के




साथ आगे बढ़ेगी। मठ के वरिष्ठ आचार्य महंत विवेकदास (चेला स्व. महंत अमृतदास) ने कहा कि अब तरेकेला मठ का संचालन मेरे विश्वसनीय शिष्य संत लखनमुनि करेंगे। उन्होंने पूर्व में भी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सेवा की है। कबीर साहब की परंपरा और भक्ति का कार्य अब विश्वसनीय हाथों में है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बढ़ती उम्र और अस्वस्थता के कारण मठ की संपत्ति, प्रबंधन और मुकदमों की पैरवी जैसे कार्यों में कठिनाई हो रही थी। इसलिए उन्होंने विधिक प्रक्रिया के तहत यह अधिकार सौंपा है।

**विक्रय या दान का कोई अधिकार नहीं**

महंत विवेकदास द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि संत लखनमुनि को तरेकेला मठ की किसी भी संपत्ति के विक्रय, दान या सट्टा का अधिकार नहीं होगा। वे केवल मठ की संरक्षा, देखरेख और धार्मिक गतिविधियों के संचालन के लिए अधिकृत रहेंगे। इस निर्णय के बाद कबीरपंथी साधु-संतों एवं अनुयायियों में हर्ष का वातावरण है। सभी ने इस नियुक्ति को मठ की परंपरा और संगठनात्मक मजबूती के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है।

**चर्चा:** विद्यालय और समुदाय के मध्य सामंजस्य स्थापित करने पर दिया जोर

# शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए खोपली स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल एवं पीएमश्री प्राथमिक शाला खोपली में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की आवश्यकता और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए संस्था के प्राचार्य भोपाल सिंह बंजारा ने शाला विकास समिति पालक समिति एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति शाला प्रबंधन समिति और समुदाय की भागीदारी, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा सहपाठ्य गतिविधियों की प्रगति निर्धारित रुबिक्स के आधार पर सामाजिक अंकेक्षण कराना है। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधानपाठक सोहद्रा देवांगन ने कहा कि शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों को शैक्षिक सुविधाओं और विद्यालयीन गतिविधियों की व्यावहारिक जानकारी देने से विद्यालय और समुदाय के मध्य बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। जिसके फलस्वरूप सामुदायिक सहभागिता में बढ़ोतरी होगी।



अंकेक्षण के दरमियान सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा जिला महासमुंद सम्पा बोस ने शाला का निरीक्षण किया और समुदाय से रूबरू होते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ और विकासोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से सामाजिक अंकेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बेहतर परीक्षा परिणाम हेतु विद्यार्थियों से चर्चा कर अपने अमूल्य सुझाव दिए। उनके साथ बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रोजेक्ट के संजय पटेल एवं प्रियंका पटेल ने भी अंकेक्षण में अपनी बात रखी। शासकीय हाईस्कूल खोपली के सामाजिक अंकेक्षक के रूप में सेजेस बागबाहरा के वरिष्ठ व्याख्याता कवि एवं साहित्यकार डॉ राजकुमार टंडन ने शाला विकास समिति, पालक समिति और छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि शासकीय हाईस्कूल खोपली का वातावरण, भौतिक संसाधन और शालेय विद्यार्थियों का अनुशासन देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा जैसे मैं किसी गुरुकुल में आ गया हूं। उन्होंने अपनी स्वरचित कविता सुनाकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की दिशा में अपना अमूल्य मार्गदर्शन दिया। पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के सामाजिक अंकेक्षक के रूप में संकुल केंद्र कसेकेरा के समन्वयक मनीष अवसरिया ने प्राथमिक शाला में उपस्थित ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच विद्यासागर ठाकुर, उपसरपंच जयंती चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति और उपस्थित मातृशक्ति एवं शालेय विद्यार्थियों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि विद्यालय और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाये रखना हम सबका कर्तव्य है। विद्यालय में स्थित किचन गार्डन को सामुदायिक सहभागिता से अधिक प्रभावी और फलदायक बनाया जा सकता है। उन्होंने प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों से सामान्य ज्ञान एवं पाठ्यपुस्तक से संबंधित सवाल भी पूछे। जवाब देते समय विद्यार्थियों की निर्भीकता तारीफे-काबिल रही। पूर्व समन्वयक व शिक्षाविद भीमसेन चंद्राकर, शाला समिति अध्यक्षद्वय दिनेश चंद्राकर एवं गायत्री ध्रुव, सरपंच विद्यासागर ठाकुर, उपसरपंच जयंती चंद्राकर ने भी अपने विचार रखे। प्राथमिक शाला खोपली में प्रधानपाठक सोहद्रा देवांगन एवं सहायक शिक्षक क्षमता साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान व्याख्याता महेंद्र बंजारे, ममता साहू, प्रमिला साहू, सहायक शिक्षक डिंपल वर्मा, निरंकार चंद्राकर, रूपलाल तांडे, गौरी तांडे, संजू निषाद, पुनीत साहू, लीलाराम मेहेर, भारती साहू आदि मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण एवं संगठनात्मक बैठक हुई



**सांकरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू के आदेशानुसार ग्राम गनेकेरा (बूथ क्रमांक 185) में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के साथ ही "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसना भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने की। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की मजबूत कड़ी है। संगठन तभी सशक्त बनता है जब बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय और जागरूक हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की नई दिशा मिल रही है। केंद्र की प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि तथा राज्य की महतारी वंदन, सरस्वती सायकल एवं चरण पादुका योजना जैसी योजनाएँ समाज के हर वर्ग को सशक्त बना रही हैं। नरेंद्र ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी प्रत्येक ग्राम और घर तक पहुंचाएं तथा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाएं।

उन्होंने कहा कि सेवा, संगठन और समर्पण ही भाजपा की पहचान है। हर कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री उर्मिला सरोज पटेल, कोषाध्यक्ष अमृत चौधरी सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने वृक्षारोपण में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण और संगठन सशक्तिकरण का संदेश दिया।



## खुटेरी में मनाया गया दशहरा पर्व

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत खुटेरी से सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, पूर्व सरपंच घनश्याम धांथी, भूतपूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, पंच कुंजराम पटेल, रमेश कुमार बरिहा, आरती सिन्हा, लिलेश्वरी ध्रुव, भोज कुमारी पटेल, नारायण ध्रुव, महेश राम नेताम, एवन नेताम, नेतराम सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# कोलता समाज सांकरा ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज सांकरा

- समाज द्वारा अनवरत 38 वर्षों से शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया जा रहा है

द्वारा सोमवार को सामाजिक भवन सांकरा में शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 78 परिवारों के लगभग 285 सदस्यों ने एक साथ मिलकर अधिष्ठात्री देवी माँ रामचंडी की पूजा अर्चना की। एक साथ भोग प्रसादी खीर खाया। अनवरत 38 वर्षों से शरद पूर्णिमा उत्सव सांकरा में मनाया जा रहा



है। इस वर्ष सर्वप्रथम बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स एक्टिविटी भी रखी गई। जिसमें सभी ने बढ़- चढ़कर उत्साह दिखाया एवं आकर्षक उपहार भी प्राप्त किया। पूजा-आरती पश्चात प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भूखंड दानदाता सहित कक्ष निर्माण दान दाताओं का शाल, श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग देने वाले बंधुओं का भी सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शाखा सभा- पिपरोद के सभापति रसिक प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रतिनिधि राजेंद्र बारीक, सुनील प्रधान, मुरलीधर खम्हारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नंदलाल प्रधान, योगेश्वर प्रधान, अविनाश साहू, देवानंद भोई, आशीष प्रधान, चितरंजन प्रधान, उद्धव खम्हारी, वृषभानु साहू, मनोज प्रधान, गजाधर बारीक, डॉ. देवेंद्र प्रधान उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना: श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में प्रभु श्रीराम के दर्शन की भारी उत्सुकता

जनपद पंचायत में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत आयोजित 'श्री रामलला दर्शन अयोध्या यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस पवित्र यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं में अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन की उत्सुकता और भक्ति का गहरा भाव स्पष्ट झलक रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ



मंगलाचरण और जय श्रीराम के जयघोष के साथ हुआ। जनपद पंचायत पिथौरा के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यात्रा को विधिवत रूप से हरी झंडी दिखाई गई। यात्रा को रवाना करने वालों में जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सीताराम सिन्हा, भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, मन्नूलाल ठाकुर, सीताराम सिंहा, सादराम पटेल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, पार्षद पुष्पकांत पटेल, मंडल कोषाध्यक्ष राजेश चौधरी, किशोर पटेल, मनमोहन जैन, रमेश पटेल, सरजू तिवारी एवं सतीश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।



## परसुली में कुष्ठ जागरुकता के लिए निकाली गई रैली

**नर्रा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ जागरुकता सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया गया। इसमें ग्राम पंचायत परसुली के हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चे, मितानिन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक द्वारा ग्राम के मुख्य गली में रैली निकाल कर कुष्ठ रोग के प्रति जागरुकता नारा लगाते हुए पर्चे का वितरण किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत परसूली के सरपंच जलसिंह चक्रधारी, हायर सेकेंडरी स्कूल परसूली के प्रिंसिपल मुकेश टंडेलियकर, कलावती चक्रधारी, देवकी पटेल, ऐषण पटेल, स्वास्थ्य सेक्टर पर्यवेक्षक सोनिका दास, नरेश साहू, सेक्टर प्रभारी मोनिका चंद्राकर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर परसूली केआर एचओ पदमनसाव, परमेश्वरी साहू, खिलेश्वरी ठाकुर आदि मौजूद रहे।



## डोंगरगांव स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

**अरंड (पिथौरा)।** समीपस्थ ग्राम डोंगरगांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्त अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। शिक्षक कौतुक पटेल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता का आंकलन विद्यार्थियों के सीखने की दक्षता का मूल्यांकन तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत शिक्षकों शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों पालकों व ग्राम समुदाय को विद्यालय से जोड़ना है। अंकेक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति सीखने का स्तर शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग तथा विद्यालय वातावरण का सामूहिक मूल्यांकन किया गया। मुस्कान पुस्तकालय विद्यार्थी कोना ईको क्लब व मध्यान्ह भोजन से संबंधित प्रश्न भी पूछे गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंकेक्षण प्रभारी डोमार सिंह पुरैना शिक्षक फिरगी, राजकुमार साहू पूर्व सरपंच, केश लाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति गौर सिंह, ऋतुराज देवांगन, प्रधान पाठक कौतुक पटेल, शिक्षक खेमचंद निराला, मोहित यादव, सावित्री सेन आदि उपस्थित रहे।

# संसार से अपराध मुक्ति का एकमात्र विकल्प है चेतना विकास मूल्य शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकल्प, अध्ययन, अभ्यास के तीन

- अपराध मुक्त मानव से ही विकसित भारत-विकसित संसार का सपना होगा पूरा

दिवसीय कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए जीवन विद्या प्रबोधकों, शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने कहा कि विकल्प को ही मानवीय मूल्यों की शिक्षा का अनिवार्य वस्तु है, विकल्प का अर्थ उपाय से है, उपयुक्त पद्धति, जीने का सही तौर तरीकों से है। जीवन विद्या के अध्ययन, अभ्यास से ही विकल्प की समझ और स्वत्व बनता है, जिससे हम जागृति के पथ पर आगे बढ़ते हैं। साधक, साधना और अध्ययन के फलस्वरूप विद्वान बनता है। विद्वान व्यक्ति ही विद्वता के प्रदर्शन के फलस्वरूप समाज को जागृत करता है। नागराज ने ही विकल्प का अनुसंधान किया है।

कार्यशाला में जीवन विद्या के अंतरराष्ट्रीय प्रबोधक सोमदेव त्यागी, मानव वैज्ञानिक डा संकेत ठाकुर, मानवीय शिक्षा शोध केंद्र अछोटी और डाक्टर साधन भट्टाचार्य, मानव तीर्थ बेमेतरा से उपस्थित रहे। सोमदेव त्यागी ने जीवन विद्या लोक व्यापीकरण के लिए प्रयासों की समीक्षा करते हुए डॉ. संकेत ठाकुर और शिक्षक गेंदलाल कोकडिया के प्रयासों को महत्वपूर्ण माना है। उन्होंने छत्तीसगढ़ से आये शिक्षकों को जीवन विद्या क्रो अभ्यास और अध्ययन पूर्वक जीने के तौर तरीके बताए। संकेत ठाकुर ने जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान को संसार से अपराध मुक्ति का एकमात्र विकल्प बताया है।

कोकडिया ने विकसित भारत-विकसित संसार का स्वप्न हर मानव का स्वप्न है, जो कि बगैर स्कूली शिक्षा में मानवीय मूल्यों की शिक्षा के बगैर संभव नहीं है। आज विकल्प की समझ नहीं होने के कारण असामयिक मृत्यु, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, नशाखोरी, युद्ध, संघर्ष, ईर्ष्या, द्वेष, अपराध, मतभेद बढ रहा है। मानव मानसिक तनाव से ग्रस्त है।

कार्यक्रम में राखी गेंदलाल कोकडिया, रविकांत मनी, इंजीनियर चंद्रशेखर राठौड़, बाबूलाल नायक, उर्मिला सिदार, हीरालाल साहू, जितेंद्र साहू, मंजीत सिंह सरदार, डाली आदि मौजूद रहे।

